# PONDA SCHOOL'S ASSOCIATION

## JOINT FIRST TERMINAL EXAMINATION OCTOBER, 2018

STD : **IX** Sub : **HINDI** Marks : **80**

Date : **2-11-2018** Seat No : ________. Time : **2 1/2 hrs**

---

**खंड : क**

प्र. 1 अ) **निम्नलिखित गद्यखंड को पढकर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

वहीं दो वर्ष गिल्लू का घर रहा। वह स्वयं हिलाकर अपनें घर में झुलता और अपनी काँच के मनको सी आँखों से कमरे के भीतर और खिडकी से बाहर न जाने क्या देखता – समझता रहता था। परंतु उसकी समझदारी और कार्यकलाप पर सबको आश्चर्य होता था।

प्रश्न :

1) उपरोक्त गद्यखंड किस पाठ से लिया गया है? **(1/2)**
2) इस पाठ की लेखिका का नाम क्या है? **(1/2)**
3) गिल्लू कितने वर्षो तक घर में रहा? **(1)**
4) गिल्लू की आँखे कैसी है? **(1)**
5) गिल्लू के किस बात पर सबको आश्चर्य होता था? **(1)**

आ) **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर 10–15 शब्दों में लिखिए।** **(4)**

1) माँ ने दिल ही दिल में क्या कामना की?
2) पेड को किस बात पर अभिमान था?
3) हामिद ने चिमटा क्यों खरीदा?
4) माँ ने साहब को कौनसा गीत सुनाया?
5) अमीना ने आठ पैसे किस तरह बाँट लिए थे?

प्र. 2 **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 50–60 शब्दों में लिखिए।** **(12)**

1) हामिद अपने दिल के अरमान कब निकाल लेगा?
2) तुफान ने तिनके से हार क्यों मान ली?
3) गरमियों में गिल्लू क्या करता था?
4) शामनाथ माँ के माध्यम से अपनी स्वार्थपूर्ति कैसे कराना चाहते थे?



Scanned by DocumentScanner | Lufick

प्र. 3 अ) निम्नलिखित काव्य – पंक्तियों के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

देव मेरे भाग में क्या क्या है बदा।
मैं बचूँगी या मिलूंगी धूल में।।
या जलूंगी गिर अंगारे पर किसी।
चू पडूँगी या कमल के फूल में।

प्रश्नः

1) उपरोक्त पद्यखंड किस कविता से लिया गया है? (1/2)
2) इस कविता के कवि का नाम क्या है? (1/2)
3) एक बूँद किससे अपने भाग्य की बात पूछती है? (1)
4) बूँद को कहाँ गिरकर जलने की संभावना है? (1)

प्र. 3 आ) निम्निलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 10–12 शब्दों में लिखिए। (3)

1) रानी लक्ष्मीबाई अंत तक कैसे लडी?
2) कवि के अनुसार उसके ईश्वर का जन्म कहाँ हुआ है?
3) अंत में बूँद को कौन सा रुप मिला?
4) "एक ही साधे सब सधै" ऐसा रहीमदास क्यों कहते हैं?

इ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 20–25 शब्दों में लिखिए। (6)

1) कुसंग से किन लोगों का बचना संभव है?
2) कवि के अनुसार लोगों के ईश्वर का स्वरूप कैसा है?
3) रानी लक्ष्मीबाई की समाधी रानी से भी अधिक प्यारी कैसे है?

## खंड : ख

प्र. 4 अ) निम्नलिखित किन्हीं दो शब्दों के विलोमार्थी शब्द लिखिए। (1)

1) आशा 2) समाप्त 3) शुभ

आ) निम्नलिखित क्रियाओं में से किन्हीं दो क्रियाओं का सार्थक वाक्यों में सहायक क्रिया के रुप में प्रयोग किजिए। (2)

1) चाहना 2) पाना 3) लेना

इ) कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन किजिए। (1)

1) पढाई करने से सफलता प्राप्त होती है? (संकेतवाचक)

ई) निम्नलिखित शब्दयुग्मों में से किसी एक शब्द–युग्म का सार्थक वाक्य में प्रयोग कीजिए। (1)

1) पशु – पक्षी 2) भीड़–भाड़ 3) तरह – तरह

प्र. 3 अ) निम्नलिखित वाक्यों में अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके वाक्य फिर से लिखिए। (2)

1) दाएँ हात में तो माला था। 2) तुफान ने कुशी की किलकारी मारी।



Scanned by DocumentScanner | Lufick

**आ) निम्नलिखित वाक्य में से अधोरेखांकित शब्द का अव्यय पहचानकर भेद लिखिए।** **(1)**

1) बेचारा हामिद दूर खडा था।

**इ) निम्नलिखित अव्ययों में से किन्हीं दो अव्ययों का सार्थक वाक्य में प्रयोग कीजिए।** **(2)**

1) वाह! 2) परंतु 3) धीरे-धीरे

**ई) निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं दो मुहावरों का अर्थ लिखकर उन मुहावरों का सार्थक वाक्यों में प्रयोग कीजिए।** **(4)**

1) दुआएँ देना 2) भाँप लेना 3) बाधा आना

**उ) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक जोडी का प्रसंगानुसार भिन्न - भिन्न अर्थ का वाक्य में प्रयोग कीजिए।** **(2)**

1) सुखी-सूखी 2) समान-सम्मान 3) गृह-ग्रह

**खंड : ग**

प्र. 6 **अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 100-125 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** **(6)**

1) छाते की आत्मकथा 2) बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

3) मन के हारे हार है 4) दिवाली का त्यौहार

प्र. 7 **अ) निम्नलिखित सूचनाओं के अनुसार किसी एक पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए।** **(5)**

सान्वी/समीर सिरसाट घर नं. 402, शांतीनगर-फोंडा - गोवा से अपनी छोटी बहन को योग का महत्त्व समझाते हुए पत्र लिखती /लिखता है।

**अथवा**

आर्या/अथर्व आरोसकर, गावकर वाडा, उसगाव, फोंडा से अपने मुहल्ले का कूडा - कचरा दूर करने का अनुरोध करते हुए पंचायत के सरपंच को पत्र लिखती/लिखता है।

**आ) निम्नलिखित रूपरेखा के आधारपर कहानी लिखिए तथा उसे उचित शीर्षक और सीख भी लिखिए।** **(5)**

एक जंगल --- पेड के नीचे शेर --- नींद लेना --- शरीर पर चूहों का उछलना --- कूदना --- शेर का भागना --- एक चूहे को पकडना --- चूहे का गिडगिडाना --- मदद के लिए कहना --- शेर का हँसना --- शेर का शिकारी को जाल में फँसना --- मदद के लिए दहाडना --- चूहे का आना --- शेर को आज़ाद करना।

**खंड : घ**

प्र. 8 **अ) निम्नलिखित गद्यखंड को पढ़कर उसके नीचे दिए हुए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

तुम दुखी किसलिए हो? तुम जो कुछ चाहते हो वह सब तुम्हें आसानी से मिल सकता है। जो बीत गया उसे भूल जाओ और भविष्य ईश्वर के हाथ में है; इसलिए उसकी भी चिंता छोडो। तुम तो बस वर्तमान की फिक्र करो। भक्ति, श्रद्धा और न्याय से पूर्ण जीवन व्यतीत करने का सतत प्रयत्न करो। जो कुछ भी तुम्हें मिले उसे प्रसन्नतापूर्वक स्वीकारने को भक्ति कहते है। कभी किसी रूप में भी असत्य न बोलता ही न्याय है। धर्म से कदापि न डिगो। किसी को न बदलो। कितना भी शारीरिक दुःख भोगना पडे, तुम्हारे मन, वचन, और कर्म, सत्य तथा



Scanned by DocumentScanner | Lufick

धर्मयुक्त ही रहें। मृत्यु को समीप जानकर आत्मा की ओर ही ध्यान रखों और चिजों की चिंता न करो। अधर्म से डरो, मरण से नहीं, तभी तुम्हारा जन्म, सार्थक होगा। तुम्हारा मन इधर - उधर न भटककर शांति प्राप्त करेगा। कोई भी व्यर्थ काम मत करो। जिससे दूसरों को लाभ नहीं पहुँचता, वह व्यर्थ ही है।

प्रश्न :

1) हमें किस बात की चिंता छोडनी है और किस बात की फिक्र करनी चाहिए? (1)
2) हमे किस बात का सतत प्रयत्न करना चाहिए? (1)
3) हमारा जन्म सार्थक कब होगा? (1)
4) भक्ति किसे कहते है? (1)
5) मृत्यु के आने पर क्या करना चाहिए? (1)
6) भविष्य ईश्वर के हाथ में कैसे है? (1)
7) 'निकट' का पर्यायवाची और 'धर्म' का विलोमार्थी शब्द गद्यखंड से लिखिए। (1)
8) 'व्यतीत करना' इस मुहावरें वाक्य में प्रयोग कीजिए। (1)
9) मन की शांति कब प्राप्त होगी? (1)
10) गद्यखंड के लिए उचित शीर्षक दीजिए। (1)

**आ) निम्नलिखित गद्यखंड को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

सुंदर प्रतिभा, मनभावनी चाल और स्वच्छंद प्रकृति ये ही दो-चार बातें देखकर मित्रता की जाती है। पर जीवन-संग्राम में साथ देनेवाले मित्रों में इनमें कुछ अधिक बातें चाहिए। मित्र केवल उसे नहीं कहते जिसके गुणों की तो हम प्रशंसा करे, पर जिसे हम स्नेह न करे। जिससे हम अपने छोटे काम तो निकालते जाएँ, पर भीतर ही भीतर घृणा करते रहें। मित्र सच्चा पथ-प्रदर्शक के समान होना चाहिए। जिस पर हम पूरा विश्वास कर सके। भाई के समान होना चाहिए, जिसे हम प्रीतिपात्र बना सकें। हमारे मित्र के बीच सच्ची सहानुभूति होनी चाहिए। ऐसी सहानुभूति, जिससे दोनों मित्र एक दूसरे की बराबर खोज - खबर लिया करें, ऐसी सहानुभूति, जिससे हानि - लाभ समझे।

प्रश्न :

1) किन बातों को देखकर मित्रता की जाती है? (1)
2) मित्रता किससे नहीं करनी चाहिए? (1)
3) उपरोक्त गद्यखंड में से कोई दो शब्द - युग्म ढूँढकर लिखिए। (1)
4) मित्रता के लिए क्या आवश्यक नहीं है? (1)
5) सच्चे मित्र के गुण बताइए। (1)
6) भिन्न प्रकृति का क्या अर्थ है? (1)

**समाप्त**



Scanned by DocumentScanner | Lufick